अवेस्ता हओम यश्त एवं बेहिस्तन

शिलालेखीय प्राचीन फारसी

लेखिका एवं सम्पादिका

डॉ० शारदा चतुर्वेदी

कुलपति डॉ० मण्डन मिश्र की प्रस्तावना से अलङ्कृत

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी

विश्वविद्यालय-रजतजयन्ती-ग्रन्थमाला

[२५]

अवेस्ता हओम यश्त एवं बेहिस्तान शिलालेखीय प्राचीन फ़ारसी

कुलपति डॉ० मण्डन मिश्र की प्रस्तावना से अलङ्कृत

लेखिका एवं सम्पादिका

डॉ० शारदा चतुर्वेदी

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

UNIVERSITY-SILVERJUBILEE-GRANTHAMĀLĀ

[Vol. 25]

AVESTĀ HAOMA YAŚTA EVAṀ BEHISTANA ŚILĀLEKHĪYA PRĀCĪNA FĀRASĪ

FOREWORD BY

DR. MANDAN MISHRA

VICE-CHANCELLOR

Written & Edited by

DR. SHARDA CHATURVEDI

Reader in the Bhāṣāvijñāna Department

Sampurnanand Sanskrit University

Varanasi

VARANASI

1997

Research Publication Supervisor—
Director, Research Institute,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

o

Published by—
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Publication Officer,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

o

Available at—
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

o

First Edition, 500 Copies
Price Rs. 100. 00

o

Printed by—
VIJAYA PRESS,
Sarasauli, Bhojubeer
Varanasi.

विश्वविद्यालय–रजतजयन्ती–ग्रन्थमाला

[२५]

अवेस्ता हओम यश्त एवं बेहिस्तन शिलालेखीय प्राचीन फ़ारसी

कुलपति डॉ० मण्डन मिश्र की प्रस्तावना से अलङ्कृत

लेखिका एवं सम्पादिका

डॉ० शारदा चतुर्वेदी

उपाचार्या, भाषाविज्ञान-विभाग

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी

वाराणसी

२०५४ वैक्रमाब्द　　१९१९ शकाब्द　　१९९७ ख्रैस्ताब्द

अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षक —
निदेशक, अनुसन्धान-संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी ।

□

प्रकाशक —
डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी
प्रकाशनाधिकारी,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी–२२१ ००२.

□

प्राप्ति-स्थान —
विक्रय-विभाग,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी–२२१ ००२.

□

प्रथम संस्करण, ५०० प्रतियाँ
मूल्य—१००=०० रूपये

□

मुद्रक —
विजय-प्रेस
सरसौली, भोजूबीर
वाराणसी

समर्पित

डॉ० मण्डन मिश्र

कुलपति

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी

प्रस्तावना

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ज्ञान की विभिन्न धाराओं का अध्ययन-अध्यापन रहा है। आज भी यहाँ एक ओर वेद और उसके अङ्गों, आस्तिक और नास्तिक दर्शनों, तन्त्र, आगम, व्याकरण, ज्यौतिष, साहित्य, धर्मशास्त्र, पौरोहित्य, तुलनात्मक धर्मदर्शन, भाषाविज्ञान, शिक्षाशास्त्र आदि शास्त्रों का अध्यापन होता है, साथ ही फ्रेंच, जर्मन, रसियन, चीनी, अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओं तथा श्रमण-विद्याओं का अध्ययन / अध्यापन भी होता है। अवेस्ता का वैदिक वाङ्मय और संस्कृत-भाषा के साथ सम्बन्ध सर्वथा स्वीकृत है। वैदिक भाषा का प्रत्यक्ष प्रभाव इस पर देखा जा सकता है। बहुत कम विद्वानों ने इस विषय में काम किया है और अभी बहुत काम करना शेष है।

ये प्रसन्नता का विषय है कि इस विश्वविद्यालय के भाषाविज्ञान विभाग की उपाचार्या **डॉ० शारदा चतुर्वेदी** ने एक संक्षिप्त तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर इस उपेक्षित क्षेत्र की ओर अध्येताओं का ध्यान आकृष्ट किया है। हिन्दी और संस्कृत अर्थों के साथ अवेस्ता के अध्ययन को प्रस्तुत कर लेखिका ने इसको सर्वजन-सुलभ बनाने का प्रयास किया है। श्रद्धेय **आचार्य श्री करुणापति त्रिपाठी, श्री भोलाशंकर व्यास, श्री भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी** 'वागीश शास्त्री' ने अपने संक्षिप्त वक्तव्यों में विषय का संक्षिप्त दिग्दर्शन कर पाठकों का उपकार किया है। इसके लिए मैं उनका अभिनन्दन करता हूँ और इसकी लेखिका **डॉ० शारदा चतुर्वेदी** को बधाई देता हूँ। पुस्तक के उत्कृष्ट प्रकाशन में विश्वविद्यालय के प्रकाशनाधिकारी **डॉ० हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी** तथा 'विजय-प्रेस' के सञ्चालक **श्री गिरीश चन्द्र** ने महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया है, वे धन्यवाद के पात्र हैं।

वाराणसी
मार्गशीष-पूर्णिमा
वि० सं० २०५४

मण्डन मिश्र
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

अवेस्ता

हओम यश्त

एवं

बेहिस्तन शिलालेखीय

प्राचीन फ़ारसी

भूमिका

सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति का साधन वाणी मानव को पशुपक्षियों से व्यावृत्त करती है। प्रकृति का यह महनीय एवं मननीय अवदान मानवीय बुद्धि को विशद बनाने के साथ-साथ विवेक-शक्ति को जागरित करता है। संभाषण से गुजरते हुए ध्वनिसंकेतों के समुदाय ने कालान्तर में भाषा का स्वरूप धारण किया। सांसारिक भाषाएँ अनेक वर्गों में विभाजित हैं। भारतीय, ईरानी, स्लावोनिक और यूरप देश की भाषाएँ समान परिवार की मानी गई हैं। ईरान भूभाग भारत और यूरप के मध्य अवस्थित है। उसकी पूर्वी (आग्नेय) सीमा हिंगलाज तीर्थ से संसक्त है, ऐशानी सीमा गन्धार है। दोनों देशों की प्राचीन भाषाओं में पर्याप्त साम्य पाया जाता है। परस्पर आदान-प्रदान और संक्रमण की संभावनाओं का अपलाप नहीं किया जा सकता। भारतीय वाङ्मय में इसके स्पष्ट संकेत मिलते हैं। भारतवर्ष के पश्चिम भाग में आर्यों की अनेक शाखाएँ फैली थीं। भारत देश के निवासी यदि भारत को 'आर्यावर्त' कहते थे, तो गन्धार (अफगानिस्तान) के पश्चिम भाग के निवासी अपने देश को '···· ऐर्यो' (आर्यों का देश) कहते थे। इसी से अद्यतन 'ईरान' नाम विकसित हुआ है। महाभारत और पाणिनीय काल में वल्ख या वाह्लीक 'कपिश गान्धार' के नाम से प्रसिद्ध था। यह भारतवर्ष का 'बफर स्टेट' स्कन्धावार या रक्षाकवच बनता था। यद्यपि भारतीय पश्चिमी सीमाओं पर आज भारत का कोई 'बफर स्टेट' अवशिष्ट नहीं रह गया है, तथापि आर्यभाषाओं की संबन्धशृङ्खला अद्यावधि अविच्छिन्न बनी है।

प्राचीन काल में ईरान के १. पर्शु, पार्स या पारस (ईरानी खाड़ी के समीप), २. पर्थिया, पारत (पारद), पार्थव या पह्लव तथा ३. बैक्ट्रिया, वाह्लीक या बलख (पूर्वी भाग) नामक प्रान्त मुख्य थे। जिस प्रान्त के वीरों की मुख्यता रहती थी, उसी प्रान्त के नाम से संपूर्ण देश की ख्याति होने लगती थी। उसी प्रान्त की भाषा शीर्षण्य बनकर राष्ट्रभाषा कहाती थी। जब

पर्शु, पार्स या पारस के वीरों की वीरता के कारण पारस के नाम से संपूर्ण ईरान 'फारस' कहा जाने लगा, तब उसकी 'फारसी भाषा' राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित हो गई। सासानीय सम्राटों के समय पर्थिया (पल्लव) की मुख्यता के कारण ईरान की राष्ट्रभाषा और लिपि का नाम 'पहलवी' पड़ गया था। पल्लवों ने ई० पू० द्वितीय शताब्दी में सीसतान की तरफ से बिलोचिस्तान होकर बोलन की घाटी से शकों और पर्थिया वालों के साथ ही साथ सिन्ध और पंजाब पर आक्रमण किया था। भारत में पल्लवों का राज्य सन् ४५ में समाप्त हुआ माना जाता है। पारसियों की मूल धर्मपुस्तक 'अवेस्ता' की टीका और अनुवाद के रूप में जितने प्राचीन ग्रन्थ प्राप्त होते हैं, वे अधिकांश पहलवी भाषा में ही निबद्ध हैं। सासानीय सम्राटों के समय यही राज्यभाषा थी।

अवेस्ता को भाषा ईरान के पूर्वी प्रान्त बेक्ट्रिया, वाह्लीक या बल्ख की भाषा थी, जो तदानीन्तन भारतवर्ष को पश्चिमी सीमा पर अवस्थित उसके स्कन्धावार गन्धार से सटा था। प्राचीन भारत से दो बार निष्क्रमण कर भारतीयों का भारत से सटे पश्चिमी भूभाग में निवास हुआ था। इसके दो प्रमाण भारतीय वाङ्मय में प्राप्त होते हैं। पुराणों में वर्णित है कि प्रजापति दक्ष की संततियों को भारत से बाहर भेजने में देवर्षि नारद का हाथ रहा आया है। वेदाभ्यासी ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों का उपवीत संस्कार यदि यथासमय नहीं किया जाता था, तो प्राचीन भारत में ऐसी सन्ततियों को समाजबहिष्कृत करने का नियम था। मनुस्मृति में संकेत मिलता है कि संस्कारलोप के कारण भारतीय क्षत्रियजातियाँ पश्चिम जाकर 'पारद' और 'पहलव' बन गईं। पारसियों में उपवीत संस्कार की प्रथा विद्यमान है। किन्तु उपवीतसूत्र वामस्कन्ध पर धारण न कर मौञ्जोबन्ध को भाँति कटि में परिवेष्टित किया जाता है (द्रष्टव्य-अवेस्ता २६ तथा उसकी टिप्पणी)। अवेस्ता में सोम, सवन, यजन, अग्निसंस्कार, स्तोत्र आदि का वर्णन पढ़कर ऋग्वेद-संहिता के सूक्तों का स्मरण हो आता है। भारतीयों की तरह वे यज्ञकर्ता तो नहीं हैं पर अग्निपूजक अवश्य हैं। कैस्पियन सागर के निकट अजरबैजान में 'बाकू' नामक स्थान पारसियों की अग्निपूजास्थली है। वहाँ ज्वालादेवी के मन्दिर की भाँति स्वतः प्रकट अग्निज्वाला विद्यमान है। वहाँ हिन्दू व्यापारियों के शिलालेख भी उत्कीर्ण हैं।

पूर्वी ईरान या भारत के पश्चिमी भाग की भाषाओं का वैदिक संस्कृत से उसी प्रकार का संबन्ध रहा आया है, जैसा वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ पालि, प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं का। भारेनीय सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रहस्यों के उद्घाटक भाषिक संबन्धों की दृढ़मूलता हमें 'अवेस्ता' और प्राचीन फारसी के अतिरिक्त पश्चिमोत्तर भारत की आधुनिक ईरानी बोलियों में भी परिलक्षित होती है।

ध्वनिपरिवर्तन के नियमों को अनुगत कर लेने पर अवेस्ता भाषा की वैदिक संस्कृतच्छाया स्पष्ट होने लगती है। इस प्रकृत पुस्तक 'अवेस्ता' हओम यस्न ९ की सम्पादिका श्रीमती डॉ० शारदा चतुर्वेदी ने संस्कृत से अवेस्ता में ध्वनिपरिवर्तन के कुछ विशिष्ट नियमों का उल्लेख षष्ठ पृष्ठ पर किया है। परिवर्तन के तृतीय प्रकार में बताया गया है कि संस्कृतभाषा का 'स' अवेस्ता में 'ह' के रूप में परिवर्तित हो जाता है। यथा संस्कृत–सिन्धु > अवे० हिन्दु; सं० शर्व > अवे० हर्व > आधुनिक फारसी–हर (प्रत्येक या सब)। सकार से हकार की ओर जाने वाली यह प्रवृत्ति ग्रीकभाषा में भी पाई जाती है। यथा–सप्त > हप्त। सम्प्रति हिन्दी भाषा में प्रयुक्त हप्ता, माह, हमराज इत्यादि शब्द यद्यपि संस्कृतभाषा के सप्ताह, मास, समरहस्य इत्यादि शब्दों के अपभ्रष्ट फारसी शब्द हैं, तथा भारतीय जनसामान्य में संस्कृत शब्दों की अपेक्षा हप्ता, माह और हमराज का ही अधिक प्रचलन है।

आज के लगभग चौबीस वर्ष पूर्व पाकिस्तान में नियुक्त ईरान के सांस्कृतिक विद्वान् (Cultural Attachy) अली ए० जाफरी ने उनके द्वारा सम्पादित और फारसी लिपि में मुद्रित 'अवेस्ता' की एक पुस्तिका मुझे भेंट की थी। वे ऋग्वेदसंहिता के मन्त्रों के साथ 'अवेस्ता' की गाथाओं का तुलनात्मक अध्ययन करना चाहते थे। उनका कथन था कि भारतीयों को 'हिन्दु' बनाने का श्रेय ईरान को ही है। उन्होंने यह भी प्रतिपादित किया कि हरोयू < सरयू और हरहुती > सरस्वती नदियाँ भी मूलतः उनके देश में प्रवाहित हो रही हैं। आर्यसंस्कृति ईरान से प्रवाहित होकर भारत आई है। भारतीयों ने ईरानी हकार के स्थान पर सकार का उच्चारण गृहीत किया है। ईरान के धर्मग्रन्थ 'अवेस्ता' में सर्वप्रथम 'हप्तहिन्दवः' प्रयुक्त हुआ है, जिसको ऋग्वेदसंहिता में 'सप्तसिन्धवः' के रूप में गृहीत कर लिया गया है।

श्रीजाफरी पाश्चात्त्य विद्वानों की 'भारतीय आर्यों का बाहर से आकर भारत में प्रवेश' की घिसीपिटी मान्यता के परिप्रेक्ष्य में ईरान से ऋग्वेदिक आर्यों के भारत में प्रविष्ट होने की पुष्टि मुझसे कराना चाहते थे। वैदिक यज्ञों में सवन और उपवीत आदि का सांस्कृतिक प्रभाव ईरान के पश्चिमभागीय या पार्श्व-वर्ती देशों तक नहीं फैल पाया। केवल खत्ती भाषा में कुछ वैदिक देवताओं के नाम ही उपलब्ध हुए हैं।

यह सत्य नहीं है कि सकार की हकार में परिवर्तित होने की प्रवृत्ति ईरानी भाषाओं की अपनी मौलिक विशिष्टता है। यह प्रवृत्ति वैदिक और लौकिक संस्कृत में उपलब्ध होने के साथ-साथ भारत के मरुस्थलीय भूभागों में यथावत् प्रतिष्ठित है। श्रौतसूत्रों में सरितः>हरितः पाठभेद मिलता है। स्वपिषि>स्वपिहि, सेवितासे>सेविताहे, असम्>अहम् इत्यादि उदाहरण संस्कृत में द्रष्टव्य हैं, जहाँ सकार के स्थान पर हकार उपलब्ध होता है। पश्चिमी मारवाड़ एवं पुंछ में पैसा को आज भी पैहा और साथी को हाथी बोला जाता है। अनधीतव्याकरण मरुस्थलनिवासी पुरोहितों के विषय में एक मनोरञ्जनपूर्ण उपहास प्रसिद्ध है कि ऐसे पुरोहितों से आशीर्वाद ग्रहण करने में सावधानी बरतनी चाहिए, जिनके मुख से 'शतायुः' के स्थान पर 'हतायुः' उच्चरित होने पर अर्थ का अनर्थ हो सकता है—

आशीर्वादं न गृह्णीयान्मरुस्थलनिवासिनाम्।
शतायुरिति वक्तव्ये हतायुरिति कथ्यते॥

हकार के सकार में परिवर्तित होने का एक भी उदाहरण प्राप्त नहीं होता। इसलिए यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि अवेस्ता की भाषा वेदकालिक संस्कृत का अपभ्रष्ट रूप है। यह भी यथार्थ नहीं है कि संस्कृत का सकार अवेस्ता में सदा हकार में ही परिवर्तित होता है। पद का मध्यवर्ती 'स' कभी-कभी 'ह' में परिवर्तित नहीं होता। यथा—

संस्कृतच्छाया—'खिन्नम् अस्य मनः कृणुधि'
अवेस्तागाथा—'स्कॅन्दम् षे मनो कॅरॅनूइधि' (२८ गाथा)

उक्त गाथा में 'अस्य' का परिवर्तन 'षे' के रूप में हुआ, 'अहे' या 'हे' के रूप में नहीं। इसके अतिरिक्त आवेस्तिक भाषा की पूर्ववर्तिता के विपक्ष में

उक्त गाथा का 'अस्य' शब्द उत्तम निदर्शन है। अवेस्ता का 'षे' विकसित होकर 'अस्य' का रूप धारण नहीं कर सकता। किन्तु संस्कृत का 'अस्य' विकसित होकर सहजतः 'षे' में परिवर्तित हो सकता है।

वैदिक वाङ्मय, अवेस्ता, प्राचीन और नवीन फारसी का तुलनात्मक अध्ययन निस्सन्देह दोनों संस्कृतियों के छिपे रहस्यों को उद्घाटित करने में सहायक बनेगा। यद्यपि दोनों संस्कृतियों के धर्म का तुलनात्मक अनुशीलन लम्बे समय से होता आ रहा है, तथापि इस दिशा में अभी ऐसे अनेक अछूते, अननुसंहित और रहस्यमय पक्ष अनुद्घाटित पड़े हैं जो अनुसन्धायकों का आह्वान कर रहे हैं।

ईरान से भागकर पारसी समुदाय ने भारत के पश्चिमी भाग गुजरात और महाराष्ट्र में शरण ली। उसके पश्चात् उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में 'जेन्द-अवेस्ता' नामक ग्रन्थ जर्मनी से सन् १८५२-५४ ई० में प्रोफेसर एन्० एल्० वेस्टरगार्ड के सम्पादकत्व में आवेस्तिक लिपि में मुद्रित और प्रकाशित हुआ था। उसके पश्चात् सन् १८५३ ई० में डॉ० फ्रीड्रिश स्पीगल ने जर्मन भाषा में 'अवेस्ता दी हाइलिगेन श्रिफ्तेन देर् पर्सियन्' नामक पुस्तक जर्मनी के लाइप्त्सिश् नगर से प्रकाशित कराई। इसमें अवेस्ता मूल को आवेस्तिक तथा व्याख्या को पहलवी (मध्य ईरानी) लिपि में मुद्रित कराया गया था। सन् १८८८ ई० में तेहमुरस् दिनशाव जी अंकलेसरिया द्वारा संपादित 'अवेस्ता' मूल (यस्न, वीस्परत् और यश्त भाग मात्र) बंबई से अवेस्ता लिपि में प्रकाशित हुआ था। सन् १८८९-९६ ई० में प्रोफेसर कार्ल एफ्० गेल्डनर ने 'अवेस्ता द सेक्रेड् बुक्स् ऑव द पार्सीस्' पुस्तक को संपादित कर अवेस्ता लिपि में स्टुटगार्ट से प्रकाशित कराया। सन् १८९४ ई० में डॉ० लारेंस् एच्० मिल्स् द्वारा अनूदित मूल 'अवेस्ता' इसकी अपनी लिपि में प्रकाशित हुआ, जिसका नाम था—'गाथास् विद टेक्स्ट्स एंड ट्रांस्लेशन्'। सन् १८९६ में के० ई० कांगा के 'अवेस्ता टेक्स्ट्स् इन् गुजराती स्क्रिप्ट विद् गुजराती ट्रांस्लेशन्' का चतुर्थ संस्करण बंबई से प्रकाशित हुआ था। गुजरात में शरणार्थी बने पारसियों की गुजराती मातृभाषा हो गई थी। इसलिए इसके अनेक संस्करण निकले।

अवेस्ता के कुछ संस्करण रोमन् लिपि में प्रकाशित हुए। उनमें हेरमान् वेलर (१९३६ ई०), स्तिग् विकान्दर् (१९४१ ई०) आई० जे० एस्० तारापोरेवाला (१९५१ ई०) तथा इल्या गेर्शेविच् के संस्करण प्रसिद्ध हैं। इनमें पारसी महानुभाव श्री जहाँगीर सोराब जी द्वारा संपादित 'सिलेक्शंस् फ्राम अवेस्ता' ग्रन्थ प्रशंसनीय है। सोराब जी कलकत्ता में बैरिस्टर एँट लॉ तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय में तुलनात्मक भाषाविज्ञान के प्रोफेसर थे। इनके द्वारा रचित अवेस्ता और संस्कृत शब्दों की वैदुष्यपूर्ण टिप्पणियों ने आवेस्तिक अनुशीलन को अग्रगामिता प्रदान की। संस्कृत के साथ तुलनात्मक 'अवेस्ता ग्रामर' इस दिशा में निश्चयतः एक महनीय प्रयास है।

आवेस्तिक, पहलवी, गुजराती और रोमन् लिपियों में जिस समय पारसियों के धर्मग्रन्थ 'अवेस्ता' को प्रकाशित किया जा रहा था, उसी के उत्तरार्ध में सन् १९३४ ई० में डी० ए० वी० कालेज, लाहौर के प्राफेसर पण्डित राजाराम ने प्रथम बार पारसियों की धर्मपुस्तक 'अवेस्ता' का नागरी लिपि में संस्कृतच्छाया और हिन्दी अनुवाद के साथ विद्वत्तापूर्ण संपादन किया, जिसे दयानन्द एँग्लो-वैदिक कालेज, लाहौर ने प्रकाशित किया था। किन्तु निदर्शनार्थ इसमें केवल हओम यश्त-यस्न नामक नवम अध्याय पर ही कार्य किया गया था, जिसमें केवल बत्तीस गाथाएँ निबद्ध हैं। सैंतीस पृष्ठों के उपोद्घात में राजाराम ने अवेस्तो भाषानियमों और संस्कृत के साथ उसके तुलनात्मक व्याकरण पर पाण्डित्यपूर्ण विवेचन किया है। इसके ठीक बत्तीस वर्षों के पश्चात् सन् १९६२ ई० में वैदिक संशोधन मण्डल पूना ने संपूर्ण अवेस्ता के नागरीलिप्यन्तरण और उसके प्रकाशन द्वारा इस दिशा में स्तुत्य कार्य किया है। किन्तु कार्य यहीं पर समाप्त नहीं हो जाता। अब नागरी-लिप्यन्तरण संस्कृतच्छायाकार की प्रतीक्षा कर रहा है।

मैं जब सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में अनुसन्धान संस्थान का निदेशक था, तब उक्त विश्वविद्यालय के फारसी विभाग की अध्यापिका श्रीमती डॉ० शारदा चतुर्वेदी प्राचीन फारसी व्याकरण पर पुस्तक रचना के प्रसंग में समय-समय पर मुझसे परामर्श लेती रहती थीं। उक्त विश्वविद्यालय से प्रकाशित उनकी 'फारसी व्याकरण' पुस्तक पर मुझे प्रस्तावना लिखने का अवसर भी मिला। डॉ० चतुर्वेदी के उत्साह एवम् अध्यवसाय को परख कर

मैंने उन्हें संपूर्ण अवेस्ता पर संस्कृतच्छाया लिख देने का परामर्श दिया। उसके उत्तर में श्रीमती डॉ० चतुर्वेदी ने इस लघु पुस्तिका को जिज्ञासु पाठकों के समक्ष निदर्शनार्थ प्रस्तुत किया है। इसे श्लाघनीय रूप से उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में स्वरूप भेदों की चर्चा की गई है। हिन्दी अनुवाद के साथ अंग्रेजी अनुवाद इसकी विशेषता है। श्रीमती चतुर्वेदी ने शाब्दिक टिप्पणियों में अपने वैदुष्य का सफल प्रयोग किया है। वे बहुत-ही उपयोगी बन पड़ी हैं। मूल अवेस्ता की शब्दानुक्रमणी ग्रन्थाध्ययन में सहायक बनेगी।

ग्रन्थ के द्वितीय भाग के रूप में प्राचीन फारसी में लिखे बेहिस्तन शिलालेख (प्रथम) का नागरी लिपि में मूलपाठ, वाक्यानुसारी पाठ, उसकी संस्कृतच्छाया, व्याकरणात्मक टिप्पणियाँ, अंग्रेजी-अनुवाद और प्राचीन फारसी शब्दानुक्रमणिका ने ग्रन्थ की उपयोगिता बढ़ा दी है। मुझे विश्वास है कि श्रीमती चतुर्वेदी 'अवेस्ता' के संपूर्ण यस्न (<यज्ञ) और वीस्परत् नामक प्रकरणों पर संस्कृतच्छाया प्रस्तुत करने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम बनाएँगी जो संस्कृत विश्वविद्यालय के स्वरूपानुरूप एवं गौरव संवर्धन में सहायक बनेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिज्ञासुजनों में यह पुस्तक अधिकाधिक समादृत होगी।

माघकृष्णाष्टमी,
२०५३ वै०
वाग्योगचेतनापीठम्
शिवाला, वाराणसी

भा० प्र० त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री'

भूमिका

प्राचीन भारतीय संस्कृति, इतिहास और भाषा-विज्ञान के अध्ययन में पारसी धर्मग्रन्थ अवेस्ता, प्राचीन फारसी के शिलालेखीय साहित्य और पहलवी साहित्य का अध्ययन आवश्यक जान पड़ता है। इस अध्ययन के बिना न तो प्रागैतिहासिक भारतीय इतिहास और संस्कृति की कुछ कड़ियाँ ही स्पष्ट हो पाती हैं और न प्राचीन भारतीय आर्य भाषा (वैदिक) का ही पूरा परिज्ञान हो पाता है। इतना ही नहीं प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का जो विकास मध्य भारतीय आर्य भाषा या प्राकृत में मिलता है उसको समझने में भी प्राचीन ईरानी भाषा और विभाषा की जानकारी अतिरिक्त लाभदायक सिद्ध होती है। इस दृष्टि से भारतीय आर्य एवं भारोपीय के अध्येताओं के लिए अवेस्ता और प्राचीन ईरानी की जानकारी अनिवार्य बन जाती है। अवेस्ता धर्मग्रन्थ की भाषा जिसे भाषावैज्ञानिक अवेस्ता भाषा नाम देते हैं, वैदिक संस्कृत के इतने अधिक नजदीक जान पड़ती है कि कतिपय ध्वन्यात्मक या पद रचनात्मक परिवर्तन कर वैदिक मंत्र को मजे से अवेस्ता भाषा में और अवेस्ता गाथा को इसी तरह वैदिक मंत्र में परिवर्तित किया जा सकता है। यहाँ तक कहा जाता है कि अवेस्ता भाषा वेदों की भाषा के, कालिदास की भाषा की अपेक्षा कहीं अधिक निकट है। पारसी संत ऋषि जरथुस्त्र ने अपनी गाथाओं में जिन प्राकृतिक शक्तियों की उपासना की है वे शक्तियाँ थोड़े परिवर्तन के साथ वैदिक ऋषियों की उपासना का भी विषय रही हैं। वहाँ के अहुरमज्दा वेदों में असुरो मेधावी रूप में उपलब्ध हैं जो वैदिक देवशक्ति इन्द्र का विशेषण है। अवेस्ता का हओम वेदों में सोम देवता के रूप में मिलता है। यह सर्वज्ञात है। इतना ही नहीं वृत्र नामक सर्परूपधारी दैत्य की इन्द्र द्वारा हत्या किये जाने का प्रसिद्ध रूपक अवेस्ता में भी उपलब्ध है और वेदों का विवस्वत पुत्र यम अवेस्ता में विवङ्हव का पुत्र यिम के रूप में मिलता है। इस तरह सांस्कृतिक पुराकथा शास्त्र और प्रतीक शास्त्र के अध्ययन की दृष्टि से भी वैदिक संस्कृत के अध्येता के लिए अवेस्ता का अध्ययन हो जाता है।

भाषावैज्ञानिक दृष्टि से अवेस्ता भाषा छान्दस भाषा के इतनी समीप है कि स का ह, श का स, ष का श, ख, थ, फ का ख़ थ़, फ़, घ, ध, भ का ग, द, ब और ह का ज़ जैसे कतिपय ध्वन्यात्मक परिवर्तन कर देने मात्र से वैदिक संस्कृत शब्द प्राचीन फारसी शब्द बन जाते हैं। इतना ही नहीं, शब्द रूपों और धातु रूपों में वेदिक संस्कृत तथा अवेस्ता भाषा में इतनी अधिक समानता है कि इन्हें एक ही भाषा की दो बोलियाँ माना जा सकता है। इसीलिए तुलनात्मक भाषा-शास्त्रियों ने भारतीय आर्य और ईरानी की अलग-अलग शाखा न मानकर एक ही शाखा से निकली दो अलग-अलग टहनियाँ माना है।

अवेस्ता भाषा ईरान के पूर्वी प्रदेश की वह विभाषा है जिससे जरथुश्त्र (८०० ईसा पूर्व) ने अपने धार्मिक सूक्तों की रचना की है किन्तु इन पूर्वी विभाषा के अतिरिक्त प्राचीन ईरानी को पश्चिमी विभाषा भी थी जो कुछ बाद के (ईसा पूर्व ६०० के आस-पास) ईरानी शहंशाहों के शिलालेखों में मिलते हैं जिनमें दारिउश का बेहिस्तुन शिलालेख अधिक प्रसिद्ध है। आगे चलकर ईरानी भाषा का मध्ययुगीन स्वरूप तीन विभाषाओं में उपलब्ध है। पहलवी जिसमें अवेस्ता का टीका ग्रन्थ .जेन्द उपलब्ध है और शोगदियाना तथा ट्रान्सओक्सीयाना की बोलियाँ क्रमशः शोरदी तथा शक जिनमें छिटपुट बौद्ध साहित्य मिला। भाषा वैज्ञानिकों का यह सब साहित्य प्रायः रोमनलिपि द्वारा उपलब्ध है। पूना से प्रकाशित अवेस्ता की तीन खण्डों में नागरीलिपि में यह धर्मग्रन्थ उपलब्ध है किन्तु उसमें संस्कृत छाया, व्याख्या तथा भाषा-वैज्ञानिक टिप्पणियाँ न होने के कारण वह दुरूह बन गया है। श्री राजाराम शास्त्री द्वारा अवेस्ता के नवम यस्न का संस्कृत छाया के साथ प्रकाशन किया गया था किन्तु वह अत्यधिक पुराना पड़ चुका है और उसका सम्पादन तुलनात्मक भाषावैज्ञानिक दृष्टि से नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में

तुलनात्मक भारत-ईरानी तथा भारतीय भाषा-विज्ञान के भारतीय छात्रों के लिए बड़े दिनों से अवेस्ता के इस प्रसिद्ध सूक्त नवम यस्न (हओम यश्त) के वैज्ञानिक पद्धति पर संपादित संस्करण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुझे हर्ष है कि डॉ० शारदा चतुर्वेदी ने बड़े परिश्रम से इस कार्य को पूरा किया। मैं एतदर्थ इन्हें बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि ये भारत-ईरानी भाषाशास्त्र की और दिशाओं में भी हिन्दी के माध्यम से अपना अध्ययन प्रस्तुत करेंगी, जिससे इस विषय के अध्यापकों और छात्रों का समान लाभ होगा।

डॉ० भोला शंकर व्यास
आचार्य एवं अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी–५

विजयादशमी
२०५३ वै०

दो शब्द

भारत-ईरानी भाषा आर्य परिवारीय 'शतम्' वर्ग की एक प्रमुख भाषा है। इसकी दो प्रमुख शाखाएँ हैं—(१) भारतीय आर्य-भाषाएँ और (२) ईरानी भाषा। इसी ईरानी भाषा के अंतर्गत अवेस्ता का स्थान आता है। भारत-ईरानी-आर्य-परिवार का आर्य-भाषा-परिवार में कदाचित् सर्वाधिक महत्त्व है। इसका कारण यह है कि इसी परिवार की भाषाओं में आर्य भाषा परिवार का सबसे पुरातन वाङ्मय सुरक्षित है। ऋग्वेद-संहिता ही प्राचीन आर्य-भाषा-परिवार का सबसे प्राचीन उपलब्ध ग्रन्थ है। यह भी कहा जा सकता है कि भारत-एशिया-योरप-महाद्वीप में बिखरी हुई आर्यभाषा के पारिवारिक संबन्ध तथा एक परिवारता की परिकल्पना भी ऋग्वेद-संहिता मूल से संभव हुई।

इस परिवार की दो प्रमुख शाखाओं में ईरानी शाखा भी कम महत्त्व-शाली नहीं है। प्राचीन भारतीय प्रागैतिहासिक इतिवृत्त, संस्कृत और भाषा-शास्त्रीय अध्ययन-ानुशीलन में अवेस्ता, प्राचीन फारसी की शिलालेखीय सामग्री और पहलवी वाङ्मय का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक लगता है और सहायक भी जान पड़ता है।

प्राचीन अवेस्ता का संस्कृत भाषा की प्राचीनतम भाषा अर्थात् वैदिक (मुख्यतः ऋग्वेदीय) भाषा के साथ निकट का संबन्ध दिखाई देता है। दोनों भाषाओं का तुलनात्मक और भाषाशास्त्रीय अनुशीलन अत्यन्त रोचक और महत्त्व का सिद्ध होता है। कुछ ध्वन्यात्मक और पद-रचनात्मक पारस्परिक परिवर्त्तन करते हुए प्राचीन अवेस्ता और वैदिक भाषा के छन्दों या वाक्यों को आपस में रूपांतरित किया जा सकता है।

आर्य भाषा की भारत-ईरानी शाखा में ईरानी भाषाओं का उद्भव पहले हुआ अथवा भारतीय वैदिक भाषा का, यह मतभेद का विषय आज तक बना हुआ है। अधिकांश भाषावैज्ञानिक मानते हैं कि ईरानी शाखा की भाषाओं का जन्म अपेक्षाकृत प्राचीनतर है। पर व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा

लगता है कि ऋग्वैदिक संस्कृत प्राचीनतम भाषा का स्वरूप है। उस रूप के वैकासिक ध्वनिविषयक एवं रूपविषयक (पदरचनात्मक) विकासपरक भौगोलिक कारणों से प्रभावित परिवर्तनों के होने पर अवेस्ता का विकास हुआ है।

दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि अवेस्ता भाषा—वैदिक संस्कृत की ईरानी प्राकृत या ईरानी अपभ्रंश है। 'ईरान' शब्द भी 'आर्याणाम्' से समुद्भूत हो तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। ईरानी भाषा–छान्दस भाषा के जितनी निकट है—उस अवस्था में यह कल्पना संभव हो सकती है। हो सकता है कि यह मेरा भाषाविकासबोध पूर्णतः भ्रान्त ही हो। पर इस दिशा में भी अध्ययन अपेक्षित है। 'जिन्द' शब्द भी 'छन्दस्' का ईरानी-प्राकृतरूप हो सकता है और 'अवेस्ता' भी 'अभ्यास' का।

डॉ० शारदा चतुर्वेदी ने 'अवेस्ता' का गहन अध्ययन किया है। उन्होंने 'अवेस्ता का व्याकरण' नामक लघु पर अत्यन्त महत्त्व का ग्रंथ भी हिन्दी में लिखा है।

'भारत-ईरानी' भाषाशाखाओं के छात्रों के लिए यह वर्त्तमान तुलनात्मक अध्ययन-पाठान्तरीकरण-मंडित-अवेस्ता के प्रसिद्ध सूक्त 'नवम यस्न' (हओम यश्त) का भाषावैज्ञानिक पद्धति के आधार पर सुसंपादित संस्करण निश्चय ही प्रशंसनीय है।

डॉ० शारदा चतुर्वेदी को इसके लिए साधुवाद है। मेरा विश्वास है कि अपने इस पथ के अनुशीलन को आगे बढ़ातो हुई डॉ० शारदा निश्चय इस दिशा में और भी महनीय ग्रन्थ लिखेंगी।

करुणापति त्रिपाठी
भूतपूर्व कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी

माघकृष्णाष्टमी,
२०५३ वै०

लेखकीय

"फारसी धर्मग्रन्थ की मूल भाषा यूरोपीय विद्वानों के अनुसार 'जेन्द' नाम से पुकारी जाती है, लेकिन फारसी विद्वानों को यह मान्य नहीं। ...... इस समय फारसी किताबों में फारसी धर्मग्रन्थ की भाषा के लिये कोई नाम नहीं पाया जाता है। लेकिन जब कभी .जेन्द शब्द का प्रयोग होता है तो यह पहलवी अनुवाद, टीका या व्याख्या के लिये प्रयुक्त होता है। और जब कभी केवल अवेस्ता (आविस्तक्) शब्द का प्रयोग किया जाता है तो फारसी धर्मग्रन्थ की मौलिक भाषा के लिये प्रयुक्त होता है। .जेन्द की भाषा पहलवी है, इसी कारण यह शब्द दूसरी भाषा के लिये प्रयुक्त नहीं हो सकता है। .... उचित शब्द न मिलने के कारण अवेस्ता भाषा के लिये अवेस्ता शब्द ही प्रयोग में लाया जा रहा है। भ्रम को दूर करने के लिये भाषा को बोलते समय हम .जेन्द शब्द को अलग कर देते हैं। इन कारणों के बावजूद भी हम फारसी-धर्मग्रन्थ के लिये .जेन्द अवेस्ता शब्द का ही प्रयोग करते हैं[1]।'

आर्य शाखा के दो प्रधान भेद हैं—ईरानी और भारतीय। ईरानी जाति एक आर्य जाति है और ईरान की प्रधान भाषा फारसी है जो कि एक आर्य भाषा है। उसके शब्दों एवं रूपों का संस्कृत के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है।

ईरानियों की मूल धर्म-पुस्तक 'अवेस्ता' है। वैसे कुछ साहित्य प्राचीन शिलालेखों के रूप में भी मिलता है। अवेस्ता भारोपीय परिवार के शतम्-वर्ग

1, The Parsis Essays on their sacred Language, Writings and Religion—Martin Haug. Page 67-68.

की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। यह पहलवी Abistak से निकला है। इस भाषा में संस्कृत के समान दो अवस्थाएँ पाई जाती हैं। पहली गाथा की अवेस्ता जो वैदिक संस्कृत की तरह आर्ष है और दूसरी परवर्ती (younger) अवेस्ता। परवर्ती (younger) अवेस्ता लौकिक संस्कृत के समान कम आर्ष मानी जा सकती है। अवेस्ता का महत्त्व केवल नृवंशविद्या, पौराणिक कथा एवं आदि साहित्य में ही नहीं है वरन् तुलनात्मक भाषा विज्ञान के दृष्टिकोण से इसका विशेष महत्त्व भी है।

सम्पूर्ण अवेस्ता को निम्न भागों में बाँटा गया है। यस्न, विस्पर्द, यश्त, छोटे मूल सूत्र (Minor Texts), वेन्दिदाद् और हदो.ख्त नस्क से उद्धृत अंश इत्यादि। यस्न, विस्पर्द और वेन्दिदाद् भाग ही मुख्य अवेस्ता को रूप देते हैं।

यस्न में गाथा भाग सबसे पुराना है। गाथाएँ छन्दों में हैं और येपारसी ऋषि जरथुश्त्र का श्रीमुख वाक्य मानी जाती हैं।

विस्पर्द या विस्प्रत शब्द अवेस्ता वीस्पे रतवो शब्द से आया है जिसका अर्थ 'सभी देवताओं' से है। इसमें २४ अध्याय हैं जिसे कर्द (Karde) कहा जाता है और यह यस्न से सात गुना बड़ा है। इसमें सभी देवों का आह्वान एवं उपासना की गई है। इसी से इसका नाम विस्परद् पड़ा।

वेन्दिदाद् शब्द विदेव्दात् शब्द का भ्रष्ट रूप है जिसका अर्थ है 'देव-विरुद्ध नियम'। यह प्राचीन ईरानियों की धार्मिक, राजनैतिक और दण्ड-संहिता की धर्म-पुस्तक है। इसमें २२ अध्याय हैं जो फर्गर्ड्स (fargards) अर्थात् परिच्छेद कहलाते हैं। इसके मौलिक अंशों की प्रणाली में इतनी भिन्नता है कि इसे एक लेखक का मानना कठिन लगता है। कुछ भाग इसके बहुत

प्राचीन हैं जिन्हें १५०० ईसा पूर्व[1], ऋषि जरथुश्त्र के समय का माना जा सकता है। वेन्दिदाद् को एक प्रार्थना की पुस्तक के रूप में नहीं पढ़ते हैं। इसकी विषय-सूची कई तरह की है।

प्रथम फर्गर्द (परिच्छेद) में पृथ्वी की सृष्टि और विभिन्न देशों का वर्णन है। द्वितीय यिम के विषय में है। तृतीय परिच्छेद पृथ्वी की अच्छाई दिखाने वाले विषय से सम्बद्ध है और अन्य २१ फर्गर्द्स धार्मिक नियम एवं आदेश से सम्बद्ध हैं। बाईसवें फर्गर्द (परिच्छेद) में अह्रिमन के द्वारा लाई गई असंख्य बीमारियों का वर्णन एवं देवताओं के सन्देश से उनके उपचार का वर्णन है।

इस तरह से जरथुस्त्रियन्स (जरथुश्त्र द्वारा चलाये हुए धर्म को मानने वालों) की पवित्र धर्म-पुस्तक **'अवेस्ता'** है।

---

1. World Civilization, Page 90

डॉ० एस० वी० समदी के अनुसार जरथुश्त्र का समय ८वीं शताब्दी माना गया है। उर्मिया झील के पास इसी नाम की एक जगह भी है, जहाँ जरथुश्त्र का जन्म हुआ था।

—'ईरान का सांस्कृतिक इतिहास,' पृ० १२।

आत्म-निवेदन

प्रस्तुत पुस्तक दो खण्डों में विभक्त है। प्रथम खण्ड **अवेस्ता** एवं द्वितीय खण्ड **प्राचीन फारसी** (शिलालेखीय) से सम्बद्ध है। इस पुस्तक में अवेस्ता की संस्कृत छाया, उसका हिन्दी तथा अंग्रेजी में अनुवाद एवं तुलनात्मक टिप्पणियाँ दी गई हैं। इस ग्रन्थ के पूर्व अवेस्ता का नागरी लिपि में तीन खण्डों में 'वैदिक संशोधन मण्डल, पूना' से प्रकाशन हुआ है, पर उसमें अवेस्ता की संस्कृत छाया नहीं दी गई है। नागरी लिपि में संस्कृत छाया के साथ अवेस्ता पर एक पुस्तक राजाराम शास्त्री ने लिखी थी, जो १९३४ में लाहौर से प्रकाशित हुई थी। परन्तु उसमें अवेस्ता का केवल संस्कृत छाया व अनुवाद ही दिया गया है। संस्कृत व अन्य भारोपीय भाषाओं की तुलनात्मक टिप्पणियों का उसमें भी अभाव है। प्रस्तुत पुस्तक में उसकी पूर्ति का प्रयत्न किया गया है। मुझे विश्वास है कि इस पुस्तक की सहायता से विद्यार्थी एवं जिज्ञासु जन अवश्य कुछ लाभ उठा सकेंगे।

पुस्तक के द्वितीय खण्ड (बेहिस्तन शिलालेखीय प्राचीन फारसी) में बेहिस्तन शिलालेख प्रथम का वाक्यानुसारी पाठ, संस्कृत-छाया एवं शिलालेख प्रथम में आये हुए सभी शब्दों पर संस्कृत एवं अन्य सभी भारोपीय परिवार की भाषाओं के साथ तुलनात्मक एवं भाषावैज्ञानिक टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गई हैं। साथ में स्थान-स्थान पर प्राचीन फारसी के इस कीलाक्षरी लिपि (Cuneiform Script) के गुण-दोष के विषय में भी निर्देश किया गया है।

पुस्तक के प्रथम खण्ड एवं द्वितीय-खण्ड के अन्त में वर्णवार क्रम में शब्द-सूची भी प्रस्तुत की गई है। प्रथम खण्ड में अवेस्ता में आये हुए सभी शब्दों की अवेस्ता-संस्कृत एवं संस्कृत-अवेस्ता दोनों रूपों में वर्णवार शब्द-सूची प्रस्तुत की गई है। यह विद्यार्थियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है। पुस्तक के द्वितीय-खण्ड के साथ बेहिस्तन शिलालेखीय भाग एक में आये सभी शब्दों की वर्णवार सूची प्रस्तुत की गई है।

इस पुस्तक के रचना प्रसङ्ग में संस्कृत विश्वविद्यालय के अनुसन्धान संस्थान के भूतपूर्व निदेशक **डॉ० भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी** 'वागीश शास्त्री' के प्रति आभार प्रकट करती हूँ, जिनके परामर्श एवं सहयोग के फलस्वरूप यह पुस्तिका परिष्कृत रूप में प्रस्तुत कर रही हूँ। उन्होंने अवेस्ता के विषय में प्रकाशित साहित्य से परिचय कराया, 'ईरान का सांस्कृतिक इतिहास' (डा० एस० बी० समदी) उपलब्ध कराया तथा अन्य पुस्तकों की सहायता प्रदान की एवं पाण्डुलिपि का संशोधन किया।

मैं **डॉ० हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी** प्रकाशनाधिकारी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रति भी आभार प्रकट करती हूँ, जिन्होंने प्रस्तुत पुस्तक के शीघ्र प्रकाशन में पूरा सहयोग किया। साथ-साथ मुद्रणकर्ता विजय-प्रेस के संचालक **श्री गिरीशचन्द्र जी** को धन्यवाद प्रदर्शित करती हूँ, जिन्होंने बड़े धैर्य के साथ छोटे-छोटे भाषावैज्ञानिक चिह्नों को ध्यान में रखते हुए सतर्कता से मुद्रण कार्य को सम्पन्न किया।

शारदा चतुर्वेदी

अवेस्ता का महत्त्व

भाषा समाज की सम्पत्ति है, सम्पूर्ण अभिव्यक्ति चेतना एवं गति है। भाषा का प्रत्येक पद समाज के चरित्र का मापक है, मानसिक स्तर का मान-दण्ड है। शब्द किसी न किसी भाव का द्योतक होता है, कर्म का वाचक होता है। भाषायी अध्ययन सामाजिक अध्ययन का मूल है।

विश्व की प्राचीन भाषाओं में अवेस्ता एवं प्राचोन फारसी अन्यतम हैं। अवेस्ता भाषा वैदिकी-भाषा को समरूपा सहोदरा है। दोनों के शरीर दो पर प्राण एक है, अभिन्न है। दोनों का इतिहास, भूगोल एक है, धर्म एक है या एक जैसा है। दोनों एक ही मानववर्ग आर्यजन की दो भिन्न शाखायें हैं। मूलतः ये दोनों हो शाखाएँ प्रथमतः एक थीं। उपासना पद्धतियों के अन्तर ने दोनों को दो वर्गों में विभाजित किया, परन्तु यह भेद कोई भेद नहीं होता है। अविस्तीय तथा वैदिक दोनों का देवशास्त्र लगभग समान है। देवशास्त्रीय दृष्टि से दोनों का तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है। वैदिक ऐतिहासिक अध्ययन में, भाषायी अध्ययन में, दार्शनिक-चिन्तन मनन-क्षेत्र में, नैतिक मूल्यों में सर्वत्र अविस्तीय अध्ययन एक नये प्राण का संचार कर सकता है।

अविस्त साहित्य का ज्ञान मूल की ही पहचान है। मूल का ज्ञान एवं पहचान हो इसीलिये अवेस्ता का अध्ययन अपेक्षित है। वैदिक भाषा में ऐसे बहुत से शब्द हैं जिनके अर्थ भारतीय परम्परा के माध्यम से निःसृत नहीं किये जा सके तब यूरोपीय विद्वानों की दृष्टि अवेस्ता एवं प्राचीन फारसी की ओर गई जिनमें वैदिक शब्दों के सदृश शब्द मिलते थे, यथा =अवे० देवाः, देवासः; अवे० नाम, प्रा० फा० नाम=सं० नाम; अवे० अस्पे=सं० अश्वे; अवे० दाइति=सं० दिति=अदिति (i. e. other than Diti); अवे०= नाङ्हइथ्य=सं० नासत्यौ; अवे० नाम, प्रा० फा० नाम=सं० नाम, लै० नामेन्, ग्रीक ओनोम्।

तुलनात्मक अर्थ के अनुशीलन के प्रसंग में अवेस्ता एवं पुरानी फारसी भाषाएँ बीच की महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं, यथा—अवे० पुथ्रो, प्रा० फारसी पुत्र

(पुस्स); सं० पुत्रः; अवे० मश्य, प्रा० फारसी मर्तिय, तु० सं० मर्त्य। गाथिक अवे० दवित्य, यंगर अवे० वित्य, तु० प्रा० फारसी दुवितीय, सं० द्वितीय। गाथिक अवे० इदी, यंग० अवे० इदि, तु० प्रा० फारसी इदिय्, सं० इहि, ग्रीक इथि। अवे० खुम्ब तु० सं० कुम्भ; अवे० हकॅरॅत्=सं० सकृत; प्रा० फारसी हकरम् चित् इत्यादि।

इसी को दृष्टि में रखकर इन दोनों प्राचीन भाषाओं का, जो वैदिक संस्कृत/संस्कृत के समकक्ष हैं, विश्व की अन्य भाषाओं से तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

इसी महत्त्व को दृष्टिगत करके ही सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में उक्त भाषाओं के विभाग को स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

शारदा चतुर्वेदी

सङ्केत-सूची

अ० पु०	=	अन्य पुरुष
अवे०	=	अवेस्ता
आत्म०	=	आत्मनेपद
आ० पह०	=	आधुनिक पहलवी
आ० फा०	=	आधुनिक फारसी
अं०	=	अंग्रेजी
ऋ० सं०	=	ऋग्वेद-संहिता
गा० अवे०	=	गॉथिक अवेस्ता
गुज०	=	गुजराती
च०	=	चतुर्थी
तुल०	=	तुलना करो
तृ०	=	तृतीया विभक्ति
द्वि० वि०	=	द्वितीया विभक्ति
नपुं०	=	नपुंसकलिंग
पं० वि०	=	पंचमी विभक्ति
परस्मै०	=	परस्मैपद
पह०	=	पहलवी
पु०	=	पुंलिंग
प्र०	=	प्रचलित रूप
प्र० वि०	=	प्रथमा विभक्ति
प्र० पु०	=	प्रथम पुरुष
प्रा० फा०	=	प्राचीन फारसी
प्रा० भा० आ० भा०	=	प्राचीन भारतीय आर्य भाषा
प्रा० उ० जर्मन	=	प्राचीन उच्च जर्मन

फ्रें०	=	फ्रेंच
बं०	=	बंगाली
भारो०	=	भारोपीय
म० पु०	=	मध्यम पुरुष
म० भार० आर्य०	=	मध्य भारतीय आर्यभाषा
यंग० अवे०	=	यंगर अवेस्ता
लै०	=	लैटिन
लौ०	=	लौकिक संस्कृत
व०	=	वचन
ब० व०	=	बहुवचन
विशे०	=	विशेषण
वै०	=	वैदिक
ष० वि०	=	षष्ठी विभक्ति
स० वि०	=	सप्तमी विभक्ति
सं०	=	संबोधन, संस्कृत
सर्व०	=	सर्वनाम
सा० सं०	=	साहित्य संस्कृत
भारे०	=	भारेनीय (हिन्द ईरानियन)
भारो०	=	भारोपीय (हिन्द यूरोपीय)
*	=	काल्पनिक शब्दों का संकेत (hypothetical mark)
√	=	धातु (root) चिह्न
>	=	(becomes) हो जाता है (अर्थात् अमुक शब्द का अमुक भाषा से अमुक भाषा में अमुक रूप हो जाता है) इसके लिये यह चिह्न प्रयुक्त है
<	=	(comes from) आया है

विषय-सूची

प्रथम खण्ड

क्रमांक	पृष्ठ-सं०
१. भूमिका	१-१९
२. संकेत-सूची	२०-२१
३. प्राचीन ईरानियन भाषा	
(क) अवेस्ता-स्वर	१
(ख) अवेस्ता-व्यञ्जन	२-४
४. संस्कृत एवं अवेस्ता के स्वरों में स्वरूप भेद	५
५. व्यञ्जनों की तुलना	६-७
६. हओम यश्त-यस्न ९	७-३८
७. शाब्दिक टिप्पणी	३९-८४
८. शब्दानुक्रमणिका	
९. अवेस्ता	८५-९४
१०. अवेस्ता एवं संस्कृत छाया	९५-११४
११. अवेस्ता की संस्कृत छाया	११५-१२३

द्वितीय खण्ड

प्राचीन-फारसी

१. परिचय	१२६
२. बेहिस्तन शिलालेख प्रथम	१२७-१३२
३. बेहिस्तन शिलालेख प्रथम—वाक्यानुसारी पाठ	१३३-१३६
४. संस्कृत छाया	१३७-१४१
५. शाब्दिक टिप्पणी	१४२-१६९
६. अंग्रेजी अनुवाद	१७०-१७४
७. शब्दानुक्रमणिका	१७५-१८०

प्रथम भाग

अवेस्ता

हओम यश्त–यस्न–१

प्राचीन ईरानियन भाषा

अवेस्ता और प्राचीन फारसी प्राचीन ईरानियन के अन्तर्गत आते हैं। अवेस्ता पूर्वी ईरान की भाषा है, जो कि पारसियों की पवित्र पुस्तक "अवेस्ता" में अवेस्तन लिपि में लिखी हुई है। प्राचीन फारसी पश्चिम या दक्षिण पश्चिम ईरान की भाषा है जो अखाइमेनियन राजाओं के कीलाक्षर शिलालेखों में है।

अवेस्ता में १४ स्वर हैं, जो नीचे अवेस्ता, नागरी एवं रोमन लिपि (Roman Script) में दिये जा रहे हैं।

अवेस्ता लिपि	नागरी लिपि	रोमन लिपि
𐬀	अ	*a*
𐬁	आ	*ā*
𐬌	इ	*i*
𐬍	ई	*ī*
𐬎	उ	*u*
𐬏	ऊ	*ū*
𐬆	अॅ	*ə*
𐬇	अॅ १	*ə̄*
𐬈	अे	*e*
𐬉	अे	*ē*
𐬊	ओ	*o*
𐬋	ओ	*ō*
𐬃	आो २	*å*
𐬄	अँ अर ३	*ą*

१. अॅ स्वर अधिकतर गाँथिक अवेस्ता में पाया जाता है।

२. आो स्वर अवेस्ता में एक विशिष्ट प्रकार का स्वर है। इसका उच्चारण आओ (āo) किया जाता है। अवेस्ता में प्रत्येक स्वर का उच्चारण अलग-अलग किया जाता है, (मिलाकर नहीं)।

३. अँर स्वर संस्कृत ऋ के समान है। यह सदैव एकाक्षर होता है।

व्यञ्जन

अवेस्ता में ३४ व्यञ्जन हैं। इन्हें नीचे अवेस्ता, नागरी एवं रोमन लिपि में लिखा जा रहा है।

अवेस्ता लिपि	नागरी लिपि	रोमन लिपि
𐬐	क्	k
𐬑	ख़्[1]	x
𐬔	ग्	g
𐬖	घ्	γ
𐬢	ङ्	ŋ
𐬗	च्	c
𐬘	ज्	j
𐬦	ञ्	ṅ
𐬙	त्	t
𐬝	त्[2]	ṭ
𐬚	थ्	θ
𐬛	द्	d
𐬜	ध्	δ
𐬥	न्	n
𐬧	ॅ(न्)[3]	ṇ

१. ख़्, (परसियन) फारसी ख (kh) के समान है।

२. त्् सदैव पदान्त में आता है।

३. इस चिह्न के स्थान पर प्रस्तुत पुस्तक में न् का प्रयोग किया गया है।

अवेस्ता लिपि	नागरी लिपि	रोमन लिपि
𐬞	प्	p
𐬟	फ्	f
𐬠	ब्	b
𐬡	व़्	w
𐬨	म्	m
𐬪	य् ४	y
𐬫	य् ५	y
𐬭	र्	r
𐬬	व् ६	v
𐬎𐬎	व् ७	v
𐬱	श्	š
𐬴	ष्	ṣ
𐬳	श्	ś
𐬯	स्	s
𐬰	ज़् ८	z
𐬲	ज़् ९	ž

४. य्, अवेस्ता में पदादि में आता है।

५. य्, अवेस्ता में पद के मध्य में प्रयुक्त होता है।

६. व्, अवेस्ता में पदादि में आता है।

७. व्, अवेस्ता में पद के मध्य में आता है।

८. ९. मुद्रण में कठिनाई होने के कारण प्रस्तुत दोनों चिन्हों के लिये ज़् का ही प्रयोग यहाँ किया गया है।

अवेस्ता लिपि	नागरी लिपि	रोमन लिपि
𐬵	ह्	h
𐬓	ख़्व १०	x^v
𐬑	.ख़्	x

अवेस्ता में स्वर पूर्ण रूप से अलग लिखे जाते हैं मात्रा रूप में नहीं (जैसे संस्कृत-हिन्दी में)।

अवेस्ता पाठ में स्वराघात नहीं लिखे गये हैं जैसा कि वैदिक संस्कृत एवं ग्रीक में लिखे जाते हैं।

अवेस्ता में व्यञ्जन संयुक्त होते हैं पर उनका रूप पूर्ण रहता है। अवेस्ता लिपि दाहिनी ओर से बाईं ओर को लिखी जाती है।

---

१०. अवेस्ता का यह व्यञ्जन संस्कृत स्व के समान है।
यथा अवेस्ता दख़्यु, संस्कृत दस्यु।

विशेष—अवेस्ता स्वर एवं व्यञ्जन लिपि में पृष्ठ १ तथा २ पर मुद्रित वर्णों को कृपया निम्न प्रकार से समझें—

१. अवेस्ता स्वर अर$_३$ को अॅरॅ पढ़ें।

२, अवेस्ता के चतुर्थ व्यञ्जन (घ्) को रोमन लिपि में ग्रीक गामा (γ) की तरह समझें।

३. अवेस्ता के दशम व्यञ्जन त् को नागरी लिपि में त्ˎ समझें।

संस्कृत एवं अवेस्ता के स्वरों में स्वरूप भेद

(१) संस्कृत अ अवेस्ता में चार रूपों में मिलता है—अ, अँ, ए, ओ।

(२) संस्कृत ए का अवेस्ता में अए (aē), ओइ (ōi), ए (ē) रूप मिलता है और संस्कृत ओ का अओ (aō), ओ (ō), ऑउ (ɔu) अवेस्ता में हो जाता है।

(३) स्वरभक्ति अवेस्ता की महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

(४) अवेस्ता में शब्दों के अन्त में दीर्घ ओ को छोड़कर अन्य कोई दीर्घ अक्षर नहीं आता है।

(५) अवेस्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसमें संयुक्ताक्षर संस्कृत की अपेक्षा बहुत अधिक होते हैं। इनमें से कुछ तो स्वर-संकोचन, स्वर-विस्तार (अर्थात् प्लुतीकरण) अपनिहिति आदि से बन जाते हैं और कुछ वास्तविक सन्ध्यक्षर होते हैं।

(६) अवेस्ता का आओ (ā̊) संयुक्ताक्षर संस्कृत के आस् और आन्त् के स्थान पर आता है। जैसे अवेस्ता daevā̊nghe=सं० देवासः; अवे० mazā̊ntəm=सं० महांतम्; अवे० pā̊tntō=सं० पांतः।

(७) अवेस्ता में आदि-विस्तार (अथवा आदि आगम) अक्षरापिनिहित (Prothesis), स्वरभक्ति (Epenthesis) और युक्त-विकर्ष (Anaptyxis) की भी प्रवृत्ति पाई जाती है। जैसे—

सं०	रिणक्ति	=	अवे०	^{i}rinaXti
सं०	अश्वेभ्यः	=	अवे०	aspaē^{i}byo
सं०	भरति	=	अवे०	bara^{i}ti
सं०	कृणोति	=	अवे०	kərənao^{i}ti

व्यञ्जनों की तुलना

(१) संस्कृत के क्, त्, प् (अल्पवर्ण श्वास वर्ण) अवेस्ता में X, θ, f ख्, थ, फ हो जाते हैं। ये ख, थ, फ कभी घर्षक होते हैं और कभी महाप्राण नादरहित अर्थात् श्वास वर्ण। जैसे सं० सत्यः = अवे० haiθyō; सं० स्वप्नम् = अवे० Xafnəm; सं० सखा (sakhā) = अवे० haXa; सं० गाथा (gāthā) = अवे० gaθa इत्यादि।

(२) संस्कृत के महाप्राण घ्, ध्, भ् अवेस्ता में अल्पप्राण ग्, द्, ब् हो जाते हैं और परवर्ती गाथा में कभी-कभी घर्षक वर्ण ग्, द्, व् (γ, δ, ω) भी मिलते हैं। जैसे—सं० जंघा = अवे० zanga; सं० धारयत् = अवे० dārayat; सं० भूमि = अवे० būmi; सं० दीर्घः = अवे० δarəγō; सं० अभ्रम् = अवे० awrəm.

(३) संस्कृत स का सदा ह हो जाता है; जैसे सिन्धु, सर्व, सकृत् आदि का हिंदु, हौर्व, हकरत् आदि।

(४) संस्कृत अस् और आस् के स्थान पर अवेस्ता में कभी h और ngh पाया जाता है। जैसे सं० असु का अवेस्ता में अहु और अंघु दो रूप होते हैं। पर यही अस् और आस् जब पदान्त में आते हैं तो अवेस्ता में ओ (ō) अथवा आओ (å) हो जाते हैं। जैसे सं० असुरः = अवे० Ahurō; सं० अश्वः = अवे० aspo; सं० गाथाः = अवे० gāθå; सं० सेनायाः = अवे० haēnayå इत्यादि।

(५) सघोष ऊष्म z और ź अवेस्ता में ही पाये जाते हैं, संस्कृत में नहीं। जैसे—सं० हस्तः = अवेस्ता zasto; सं० अहम् = अवे० azəm; सं० अहिः = अवे० azis इत्यादि।

(६) संस्कृत व्यञ्जनों के पाँच वर्गों में से टवर्ग (मूर्धन्य) अवेस्ता में नहीं होता है।

(७) तालव्य वर्ग में केवल च् और ज् होते हैं।

(८) अनुनासिक वर्ण पाँच होते हैं पर सब संस्कृत के समान नहीं होते हैं।

(९) जिस तरह प्राचीनतर वैदिक में ल का अभाव है उसी प्रकार अवेस्ता में भी ल बिलकुल नहीं मिलता है।

(१०) संस्कृत की तरह अवेस्ता सस्वर नहीं है। अवेस्ता में उदात्त बल का प्रयोग होता है।

(११) रूप-संपत्ति वैदिक और अवेस्ता में एक समान ही पाई जाती है।

(१२) संस्कृत एवं अवेस्ता दोनों में तीन वचन, तीन लिंग और आठ विभक्तियाँ होती हैं।

(१३) संस्कृत पंचमी विभक्ति का-आत् केवल अकारान्त शब्दों में लगता है पर अवेस्ता में यह विभक्ति अधिक व्यापक हो गई है। जैसे=सं० क्षत्रात् = अवे० Xsaθrat; सं० विश:=अवे० visat; सं० द्विषत: =अवे० tbisyantat.

(१४) अवेस्ता धातुएँ भी संस्कृत की तरह एकाक्षर होती हैं और उनमें सभी रूप पाये जाते हैं।

(१५) द्वित्व-जन्य (periphrastic) रूप अवेस्ता में नहीं पाये जाते।

(१६) अवेस्ता में तद्धित, कृदन्त समास आदि सब संस्कृत जैसे ही होते हैं। केवल वाक्य संधि का अभाव पाया जाता है। इसीलिये अवेस्ता में प्रत्येक शब्द दूसरे शब्द से बिन्दु के द्वारा पृथक् लिखा जाता है।

(१७) छन्द भी वैदिक छन्दों से मिलते हैं।

(१८) वाक्य रचना में भी बहुत कम भेद पाया जाता है।

ह्ओम यश्त—यस्न ९

१. अवेस्ता—हावनीम् आ रतूम् आ

ह्ओमो उपाइत् ज़रथुश्त्रॅम्

आत्रॅम् पइरि-यओज्दथॅन्तॅम् गा.थोस्च स्रावयन्तॅम्।

आ-दिम् पॅरॅसत् जरथुश्त्रो को नरॅ अही

यिम् अजॅम् वीस्पहे अङ्हॅउश्
अस्त्वतो स्रअेश्तॅम् दादरॅस
स्व्वहे गयेहे स्व्वन्वतो अमॅषहे।

संस्कृत—सावनम् आ ऋतुम् आ, सोमः उपैत् जरथुश्त्रम्
अत्रिम् परियोर्दधन्तम् गाथाश्च श्रावयन्तम्।
आ तम् पृच्छत् जरथुश्त्रः को नर असि
यमहं विश्वस्य असोः अस्थिवतः श्रेष्ठं ददर्श
स्वस्य गयस्य स्वन्वतो अमृतस्य।

अर्थ—(सोम) सवन के समुचित समय पर सोम जरथुश्त्र के पास आया (जो) यजन के लिये अग्नि का संस्कार कर रहा था और गाथाओं को सुना रहा था। जरथुश्त्र ने उससे पूछा, हे नर ! तू कौन है ? जिसको मैं समस्त शरीरधारियों से श्रेष्ठ, अपने अमर जीवन से देदीप्यमान देख रहा हूँ।

English Translation : Once at the time of oblation Soma came up to Zarthustra, who was preparing for worshiping the fire and who was chanting hymns. Zarthustra asked him—O hero ! who art thou, whom I find the best of all corporeal beings and who is shining by his own immortal Vitality,

२. **अवे०**—आअत् मे अअेम पइत्यओख्त हओमो अषव दूरओषो
अजम् अह्मि जरथुश्त्र, हओमो अषव दूरओषो
आ माँम् यासङ्ह स्पितम फ्रा माँम् हुन्वङ्ह स्व्वरॅतॅअे
अओइ माँम् स्तओमइने स्तूइधि
यथ मा अपरचित् सओश्यन्तो स्तवाँन्।

सं०— आत् मे अयं प्रत्यवोचत् सोमो ऋतावा दुरोषः
अहमस्मि जरथुश्त्र सोमः ऋतावा दुरोषः
आ मां याचस्व स्पितम प्र मां सुनुष्व* स्वृतयै (अश्नवै)
अभि मां स्तोमनि स्तुहि
यथा मां अपरेचित् सोष्यन्तः स्तुवन्।

अर्थ—तब मुझे (इस सोम ने) दिव्य नियमों वाले और दूर तक फैले हुए तेज वाले सोम ने उत्तर दिया। मैं हूँ हे जरथुश्त्र! दिव्य नियमों वाला और दूर तक फैले हुए तेज वाला सोम। मुझसे (अपनी कामनाओं को) माँग। हे स्पित! मुझे पीने के लिये बहा। मेरी स्तोत्रों में स्तुति कर, जिस प्रकार (पूर्व काल में) दूसरे सोष्यन्तों ने मेरी स्तुति की है।

English Tr. : Then Haoma, the righteous one and of far spreading radiance replied me, O Zarthustra ! I am Haoma, the righteous one and of far spreading radiance. O Śvetatam ! (O holy one) please earnestly desire me and press me for drinking Please praise me for worshiping just iike the other holy ones praised me.

३. अवे०—आअ.त् अओरु.त् जरथुश्त्रो। नमो हओमाइ
कसँ थ्.वाँम् पओइर्यो हओम मश्यो
अस्त्वइथ्याइ हुनूत गअेथ्याइ
का अह्माइ अषिश् अँरँनावि
चि.त् अह्माइ जस.त् आयप्तँम्।

सं०— आत् अवोचत् जरथुश्त्रः। नमः सोमाय।
कस्त्वां पूर्व्यः सोम मर्त्यः
अस्थिवत्यै सुनुत गेथायै
का अस्मै आशीः ऋणावि
किम् अस्मै गच्छत् आप्तम्।

अर्थ—तब जरथुश्त्र ने कहा—सोम को नमस्कार। हे सोम! कौन (वह) पहला मनुष्य था (जिसने) शरीरधारी जीवलोक के लिये तुझे बहाया। इसकी कौन (सी) कामना पूर्ण हुई, इसको क्या लाभ मिला।

Eng. Tr. : Then Zarathustra told Salutation to Haoma, who was the first mortal worshipped you for the

sake of the corporeal world. What was the boon granted for him ? And what was the profit went to him ?

४. **अवे०**—आअत् मे अअेम् पइत्यओख्.त

हओमो अषव दूरओषो
वीवङ्हाो माँम् पओइर्यो मश्यो
अस्त्वइथ्याइ हुनुत गअेथ्याइ ।
हा अह्माइ आषिश् अॅरॅनावि
त.त् अहमाइ जस.त् आयप्तॅम्
य.त् हे पुथ्रो उस्-जयत
यो यिमो क्षअेतो ह्वाँथ.वो
ख्व्रॅनङुहस्तॅमो जातनाँम्, ह्वरॅ–दरॅसो मश्यानाँम् ।
यत् कॅरॅनओत् अग्रहे क्षथ्राध अमर्षन्त पसुवीर
अङ्हओषॅम्ने आप उर्वइरे,
ख्.वइर्याँन् ख्.वरॅथॅम् अजयम्नॅम् ।

सं०—आत् मे अयं प्रत्यवोचत्

सोमः ऋतावा दुरोषः
विवस्वान् मां पूर्व्यो मर्त्यः
अस्थिवत्यै सुनुत गेथायै
सा अस्मै आशीः ऋणावि
तदस्मै गच्छत् आप्तम्
यदस्य पुत्र उज् जायत
यो यमः क्षित् सुवन्ता
स्वर्णवत्तमो जातानाम्, स्वर्दृशो मर्त्यानाम् ।
यत् कृणोत् अस्य क्षत्रादा अमरिष्यन्ता पशुवीरा
अशुष्यमाणे अबुर्वरे,
स्वरितवे स्वृतम् अजीयमानम्

अर्थ—तब मुझे दिव्य नियमों वाले और दूर तक फैले हुए तेज वाले सोम ने उत्तर दिया। विवस्वान् पहला मनुष्य था, जिसने मुझे शरीरधारी जीवलोक के लिये बहाया। इसकी यह कामना पूर्ण हुई, इसको यह लाभ हुआ कि इसके पुत्र उत्पन्न हुआ, जो यम (जनों का) शासक, बड़ा विजयी, उत्पन्न हुए लोगो में बड़ा तेजस्वी, मनुष्यों में सूर्य के समान था। जिसने अपने शासन काल में पशु और मनुष्यों को न मरने वाला, और जल तथा ओषधियों को न सूखने वाला बनाया, और प्रजाओं को खाने के लिये अक्षय (अखुट्ट) आहार बनाया।

Eng. Tr. : Then Haoma, righteous and of far spreading radiance told me this. Vivasvān was the first mortal who worshipped me for the sake of the corporeal world. That was the boon went to him and that was the profit granted to him. A son was born to him who was Yima, the ruler and possesser of great prosperity. He was most resplendent of created beings and he was just like sun among the mortals who made immortal men and animals in his kingdom and who made ever fresh water and vegitation. There was inexhaustible food to eat (in his kingdom).

५. अवे०—यिमहे क्ष.थ्रे अउर्वहे

नोइ.त् अओतॅम् आोङ्ह नोइ.त् गरॅमॅम्
नोइ.त् जउर्व आोङ्ह नोइ.त् मॅरॅथ्युश्
नोइ.त् अरस्को दअेवोदातो।
पन्चदस .फ्रचरोइथे
पित पुथ्रस्च रओधअेष्व कतरस् चि.त्
यवत .क्षयोइ.त् ह्वाँथ्.वो
यिमो वीवङ्हतो पुथ्रो।

सं०—यमस्य क्षत्रे उर्वियस्य

नेत् ओद्म आस नेत् घर्मम्

नेत् जरा आस नेत् मृत्युः

नेत् रेषको देवधितः ।

पञ्चदश प्रचरेते

पिता पुत्रश्च रोहेष्वा कतरश्चित्

यावत् क्षयेत् सुवन्ता

यमो विवस्वतः पुत्रः ।

अर्थ—तेजस्वी यम के राज्य में न ही (अति) शीत था, न ही (अति) गर्मी, न ही बुढ़ापा था, न ही मृत्यु । न ही देवों को रची ईर्ष्या थी । पिता और पुत्र अपने चेहरों से हर एक पन्द्रह वर्ष के (प्रतीत होते हुए) फिरते थे, जब तक विवस्वान के पुत्र बड़े विजयी यम ने राज्य किया ।

Eng. Tr : In the kingdom of renowned Yima there was neither cold nor heat, neither old age nor death, and there was no enemy created by demons. When Yima, the son of Vivasvān, the, great victorious, ruled over (the world), at that time father and son both appeared just like fifteen.

६. **अवे०**—कसॅ-थ्वाँम् बित्यो हओम मश्यो

अस्त्वइथ्याइ हुनूत गअेथ्याइ

का अह्माइ अषिश् अॅरॅनावि

चि.त् अह्माइ जस.त् आयप्तॅम् ।

सं०—कस्त्वां द्वितीयः सोम मर्त्यः

अस्थिवत्यै सुनुत *गेथायै

का अस्मै आशीः ऋणावि

किम् अस्मै गच्छत आप्तम् ।

अर्थ—हे सोम ! कौन वह दूसरा मनुष्य हुआ जिसने जीव लोक के लिये तुझे बहाया। कौन सी उसकी कामना पूर्ण हुई। उसको क्या लाभ हुआ।

Eng. Tr. : O Soma ! who was the second man worshipped you for the sake of the material world ? What was the boon granted for him ? And what was the profit went to him ?

७. अवे०—आअत् मे अअेम् पइत्यओख़्त

हओमो अषव दूरओषो।

आथ्व्यो माँम् बित्यो मश्यो

अस्त्वइथ्याइ हुनूत गअेथ्याइ।

हा अह्माइ अषिश् अरनावि

हा अह्माइ जस.त् आयप्तॅम्।

यत हे पुथ्रो उस्-जयत

वीसो सूरयाो थ्रअेतओनो।

सं०—आत् मे अयम् प्रत्यवोचत् सोमः ऋतावा दुरोषः।

आप्त्यो मां द्वितीयो मर्त्यः अस्थिवत्यै सुनुत* गेथायै।

सा अस्मै आशीः ऋणावि तत् अस्मै गच्छत् आप्तम्।

यदस्य पुत्रः उज् जायत विशः शूरायाः त्रैतानः।

अर्थ—तब इस दिव्य नियमों वाले और दूर तक फैले हुए तेज वाले सोम ने मुझे उत्तर दिया। आप्त्य दूसरा मनुष्य था जिसने मुझे जीवलोक के लिये बहाया। यह उसकी कामना पूरी हुई। यह उसको लाभ पहुँचा। जो इसके घर शूर वीर वैश्य का पुत्र त्रैतान हुआ।

Eng. Tr. : Then Haoma the righteous one and of far spreading radiance told me. This Athwa is the second man who worshipped me for tha sake of the material world. That was the boon granted to him and that was the profit went to him,

that a son was born to him, named Thrayatamn, who belong to the family of brave ones or valiant ones.

८. **अवे०**—यो जन.त् अजीम् दहाकॅम्
थ्रिज.फनॅम् थ्रिकमॅरॅधम्
क्ष्वश्-अषीम् हजङ्र-यओक्ष्तीम्
अशओजङ्हॅम् दअेवीम् द्रुजम्
अघॅम् गअेथाव्यो द्व्रन्तॅम्
.फ्रच कॅरॅन्त.त् अङ्रो मइन्युश्
अओइ यॉम् अस्त्वइतीम् गअेथाँम्
मह्र्काइ अषहे गअेथनॉम् ।

सं०—यो अहन् अहिम् दंशकम्
त्रिजम्भनं त्रिकमूर्धानम्
षडक्षम् सहस्त्रयुक्तिम् अत्यौजसं दैवीम् द्रुहम्
अघं जगतीभ्यो द्रवन्तम्
प्राक् कृन्तत् अङ्रोमन्युः
अभि याम् अस्थिवतीम् *गेथाम्
मरकाय ऋतस्य जगतीनाम् ।

अर्थ—जिसने डसने वाले साँप को मारा जो तीन जबड़ों वाला, तीन खोपड़ियों वाला, छः आँखों वाला, हजार युक्तियों वाला बड़ा बलवन्त देओ द्रोह था, प्रजाओं के लिये पापमय और श्रद्धाहीन था। जिस बड़े बलवन्त देओ द्रोह को अङ्रोमन्यु ने काट गिराया, जो कि शरीरधारी सृष्टि के प्रतिकूल था, जो ऋत की सृष्टि का विनाशक था।

Eng. Tr. Who smote Azj Dahāka who was with three jaws, three skulls, six eyes and with thousand wiles and who was an opponent devilish power possessing great strength and who was harmful for the world being far from the righteousness. And

whose mightiest opponent power was hewed out by Angro-Mainyu which was towards the corporeal world for the destruction of the creation of Aṣa (truthfulness).

९. **अवे०**—कसॅ-थ्वाँम थ्रित्यो हओम मश्यो
अस्त्वइथ्याइ हुनूत गअेथ्याइ ।
का अह्माइ अषिश् अॅरॅनावि
चि.त् अह्माइ जस.त् आयप्तॅम् ।

सं०—कस्त्वां तृतीयः सोम मर्त्यः
अस्थिवत्यै सुनुत *गेथायै ।
का अस्मै आशीः ऋणावि
किम् अस्मै गच्छत् आप्तम् ।

